राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# महात्मा ज्योतिबा फुले को राज्यपाल ने किया नमन

जयपुर, 10 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने महान विचारक एवं समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयन्ती (11 अप्रैल) पर उनको सादर नमन किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने अस्पृश्यता निवारण, महिला सशक्तीकरण और निर्बल एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए महात्मा फुले के महती योगदान को याद करते हुए उनकी दिखाई राह पर चलने का सभी से आह्वान किया है।

------